University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

# University in News on 22 January 2022

UNIVERSITY OF LUCKNOW
LIGHT AND LEARNING

**JAGRAN CITY PAGE III**

## ई-सम्मेलन में आठ शोध पोस्टर चयनित

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के उन्नत आणविक आनुवंशिकी और संक्रामक रोग संस्थान और प्राणी विज्ञान विभाग के आणविक और मानव आनुवंशिकी प्रयोगशाला की ओर से आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ई-सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हो गया। आखिरी दिन 42 शोध सारांशों में से 24 प्रस्तुत किए गए। आठ पोस्टर पुरस्कारों के लिए चुने गए। (जासं)

## लवि : 26 जनवरी को सुबह 9 :15 बजे होगा ध्वजारोहण

**लखनऊ :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को लखनऊ विश्वविद्यालय के कला संकाय प्रांगण में सुबह 9 :15 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। कुलसचिव ने सभी विभागों को निर्देश जारी किए हैं। (जासं)

## सेंटर आफ एक्सीलेंस में खर्च राशि का ब्योरा मांगा

**लखनऊ :** शासन के निर्देश पर लखनऊ विश्वविद्यालय ने सभी विभागाध्यक्षों एवं प्रधान अन्वेषकों से वर्ष 2015 से 2022 तक सेंटर आफ एक्सीलेंस के तहत दी गई राशि के खर्च का ब्योरा मांगा है। इसके लिए शनिवार शाम चार बजे कुलसचिव ने बैठक बुलाई है। शासन ने यह जानकारी मांगी है। (जासं)

## लवि में बनेगी इंक्यूबेशन सेल, प्रो. मसूद बने निदेशक

**जासं, लखनऊ :** लवि के ओएनजीसी सेंटर फार एडवांस स्टडीज में जल्द ही एक इंक्यूबेशन सेल गठित की जाएगी। शुक्रवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सांख्यिकी विभाग के शिक्षक प्रो. मसूद सिद्दीकी को सेल का निदेशक नियुक्त कर दिया। उन्हें जिम्मेदारी दी गई है कि सेल का गठन करते हुए किए गए एमओयू को संकलित करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। साथ ही विश्वविद्यालय में एक इंक्यूबेशन फाउंडेशन गठित कर विभिन्न शोध, शैक्षिक एवं औद्योगिक संस्थानों से एमओयू कराने के साथ ही प्राधिकरणों में पंजीकरण भी कराएं।

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## प्रो. मसूद बने लविवि के इन्क्यूबेशन सेल के निदेशक

**लखनऊ।** लविवि में इन्क्यूबेशन सेल गठित किया जाएगा। शासन ने प्रत्येक विश्वविद्यालय में इन्क्यूबेशन सेल स्थापित करने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में सेल के गठन के लिए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विवि के ओएनजीसी सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में स्थान आवंटित किया। सांख्यिकी विभाग के प्रो. मसूद सिद्दीकी को सेल का निदेशक नियुक्त किया गया है। उन्हें सेल गठित करते हुए अब तक हुए कार्यों को संकलित कर आख्या प्रस्तुत करने को कहा गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## ई-पोस्टर से पेश किया शोध कार्य

**लखनऊ।** लविवि में आयोजित स्वास्थ्य और रोगों में हालिया रुझान विषयक अंतरराष्ट्रीय ई-सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हो गया। इसमें 42 शोध सारांशों में से 24 पेश किए गए। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के पीएचडी छात्रों ने ई-पोस्टर के रूप में शोध कार्य पेश किया। इसमें से आठ उत्कृष्ट पोस्टर का चयन किया गया। अंत में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अवसर पर प्रो. एम सेराजुद्दीन, वन्यजीव विज्ञान संस्थान की निदेशिका प्रो. अमीता कनौजिया आदि थे। (माई सिटी रिपोर्टर)